प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

भीमराव अंबेदकर

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की आज 134वीं जयंती है। इस मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित कर भीमराव आंबेडकर को श्रद्धाजंलि दी गई और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य लोगों ने आज संसद परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर शिमला के चौड़ा मैदान में आंबेडकर चौक पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान निर्माण और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए योगदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा और आज़ादी के बाद उन्होंने संविधान का निर्माण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

........................................

भाजपा–जयंती

प्रदेश में भाजपा द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज बूथस्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा 25 अप्रैल तक डॉक्टर आंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

........................................

मुख्यमंत्री

कल 78वां हिमाचल दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिले की दुगर्म पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। ज़िला स्तर पर भी हिमाचल दिवस समारोह आयोजित होंगे जहां राज्य सरकार के मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आज रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। वहीं दूरदर्शन केन्द्र शिमला से ये संदेश शाम 7 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

-----------------------------------------

अग्निशमन सप्ताह

प्रदेश में आज से अग्निशमन सप्ताह शुरू हो गया है, जो 20 अप्रैल तक चलेगा। शिमला के समीप बल्देयां से राज्यस्तरीय अग्निशमन सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान लोगों को आग से सुरक्षा के तरीकों और बचाव की जानकारी दी जाएगी।

-----------------------------------------